# डिफेंस कारिडोर का किया जाएगा विस्तार

जागरण संवाददाता, कानपुर : डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर परियोजना के साढ़ स्थित कानपुर नोड का और विस्तार होगा। दूसरे चरण में घाटमपुर तहसील के रामसारी गांव, घाटमपुर चीनी मिल व आसपास की 234 हेक्टेयर जमीन मिल गई। सड़क निर्माण के लिए उप्र एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (यूपीडा) ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

डिफेंस कारिडोर के दूसरे चरण के लिए पहले साढ़ से सटे गोपालपुर, दौलतपुर व मोहीपुर में 186 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना था। किसानों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तक पोर्टल के माध्यम से आपत्ति जताई थी तो नए स्थान पर जमीन चिह्नांकन पर सहमति बनी। 17 अप्रैल, 2025 को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की समग्र विकास की बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने रिपोर्ट दी कि डिफेंस कारिडोर के लिए घाटमपुर तहसील अंतर्गत चीनी मिल के स्वामित्व वाली 83.89 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। इसके अतिरिक्त रामसारी गांव की 127.62 हेक्टेयर निजी भूमि व 22.87 हेक्टेयर सरकारी भूमि समेत 150.49 हेक्टेयर जमीन और मिली है। इसका प्रस्ताव 11 अप्रैल, 2025 को यूपीडा को भेजा जा चुका है, जिस पर काम शुरू होगा। यह जमीन साढ़-घाटमपुर मार्ग व कानपुर-सागर राजमार्ग के पास स्थित होने से आवाजाही भी आसान होगी।



कानपुर-सागर राजमार्ग से घाटमपुर चीनी मिल के लिए प्रवेश द्वार। जागरण

- मिली 234 हेक्टेयर जमीन, घाटमपुर के रामसारी गांव व चीनी मिल की भूमि पर सहमति
- साढ़ में अदाणी समूह की पहली इकाई कर रही उत्पादन, मिलेंगे और रोजगार

## चित्रकूट और झांसी में भी काम तेज, आगे आईं कंपनियां

बुंदेलखंड के चित्रकूट में जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है। ड्रोन मिसाइल, गोलियों के साथ सेना के लिए विशेष गाड़ियां, हथियार, टैंक आदि यहां बनेंगे। इसके लिए छह हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए कंपनियां आगे आई हैं। इसी तरह झांसी में भी तेजी से डिफेंस कारिडोर आकार ले रहा है, जो भविष्य में रक्षा उत्पादन को और सुदृढ़ करेगा।

"समग्र विकास की बैठकों में डिफेंस कारिडोर के कानपुर नोड के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता में रखा। जमीन मिलने से अब विस्तार होगा। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार मिलेंगे।

**-सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष उप्र**

डिफेंस कारिडोर के दूसरे चरण के विस्तार में कोई अड़चन नहीं है। जमीन अधिग्रहण संग मुआवजा वितरण अंतिम चरण पर है। **जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी।**"